पंजाब केसरी
27-08-2025

# आदर्श शिक्षक स्थापित करना उनका दायित्व : वी.सी.



*बैठक को संबोधित करते वी.सी.।*

जींद, 26 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वी.सी. प्रो. डॉक्टर रामपाल सैनी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। वी.सी. ने कक्षाओं के संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई और शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली पर आधारित है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी का सर्वोच्च दायित्व है।

वी.सी. ने सभी शिक्षकों से समयबद्ध एवं अनुशासित ढंग से कक्षाओं का संचालन करने, विद्यार्थियों की शंकाओं का धैर्यपूर्वक समाधान करने तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में शोध, नवाचार और समाज सेवा की भावना भी विकसित की जानी चाहिए।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक मिलकर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और विद्यार्थियों को एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेंगे।

दैनिक भास्कर 27-08-2025

# विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च दायित्व:वीसी

जींद| सीआरएसयू के वीसी प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें वीसी प्रो. सैनी ने कक्षाओं के संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई और शिक्षकों की समर्पित कार्यशैली पर आधारित है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी का सर्वोच्च दायित्व है। वीसी प्रो. सैनी ने सभी शिक्षकों से समयबद्ध एवं अनुशासित ढंग से कक्षाओं का संचालन करने, विद्यार्थियों की शंकाओं का धैर्यपूर्वक समाधान करने तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में शोध, नवाचार और समाज सेवा की भावना भी विकसित की जानी चाहिए।